




# रांची में आंधी और जोरदार बारिश, मौसम हुआ सुहाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार ( 18 मई ) को दिन के 2.00 बजे पहले तेज आंधी और फिर जोरदार बारिश हुई। बारिश के बाद रांची का मौसम सुहाना हो गया है। बारिश शुरु होते ही बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे लोगों को दिक्कतें हुई।

रांची में आंधी की वजह से कई छोटे-बड़े पेड़ के गिरने की भी खबरें हैं। हालांकि इसमें किसी तरह की जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। बारिश इतनी तेज थी कि चार पहिया वाहन चालकों को कुछ देर के लिए सड़क किनारे जहां-तहां वाहनों को रोकना पड़ा।

बारिश की वजह से राजधानी के लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन कई सड़कों के किनारे पानी जमा हो जाने के वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

राज्य के अन्य जिलों से भी बारिश होने की खबर है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने मेघ गर्जन, आंधी और पानी को लेकर पहले ही चेतावनी जारी की थी।

## एक्वा वर्ल्ड का कार्यक्रम स्थगित

**रांची।** बारिश और खराब मौसम के कारण एक्वा वर्ल्ड के द्वारा आयोजित होने वाला कार्यक्रम झारखंडी संडे स्थगित करना पड़ा। अब यह कार्यक्रम शनिवार, 24 मई को आयोजित होगा।


मेन रोड



# श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 207 वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण

- 1500 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 207 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा महाप्रसाद निर्मला गाड़ोदिया, डॉ रमण कुमार, डॉ अनुज,अद्वय उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसर युक्त खीर, पुड़ी, पलाव, आलु चना का सब्जी,आलू चिप्स आदि का वितरण किया गया।

सभी श्रद्धालुओं के बीच आमरस, बोतल बंद जूस व प्रसाद का वितरण डूंगरमल अग्रवाल, ललिता पोद्दार एवं प्रमिला महलका के सौजन्य से किया गया। तत्पश्चात भजन संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। एक छोटी नन्ही बच्ची द्वारा गाए मधुर भजनों ने सभी भक्तों को भाव विभोर कर दी। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# सीयूजे के प्रोफेसर को रिसर्च के लिए मिली 18 लाख की ग्रांट

**नवीन मेल संवाददाता**


बिरजिया जनजाति पर करेंगे अध्ययन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के एक प्रोफेसर को बिरजिया जनजाति पर शोध करने के लिए 18 लाख की ग्रांट मिली है। जानकारी के अनुसार, सीयूजे के मानवशास्त्र एवं जनजातीय अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ शमशेर आलम की बिरजिया जनजाति पर शोध की परियोजना स्वीकृत हो गयी है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद से 18 लाख रुपये की अनुसंधान परियोजना स्वीकृत हुई है, जो दो सालों तक चलेगी। इसका फोकस झारखंड की विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) बिरजिया समुदाय के पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान और चिकित्सा पद्धतियों पर शोध करना होगा। बता दें कि बिरजिया जनजाति झारखंड की सबसे कम आबादी वाली जनजातियों में से एक है। इन्हें पीवीटीजी श्रेणी में रखा गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बिरजिया समुदाय के स्वास्थ्य-संबंधी मुद्दों को बेहतर तरीके से समझकर नीति-निर्माण में उपयोगी सुझाव देना है। इस शोध के माध्यम से बिरजिया समुदाय के चिकित्सा ज्ञान को संरक्षित करने में भी सहयोग मिलेगा। इन संभावनाओं पर होगा अध्ययन जानकारी के अनुसार, सहायक प्रोफेसर डॉ शमशेर आलम को आईसीएसएसआर की ओर से " झारखंड के बिरजिया समुदाय के स्वदेशी औषधीय ज्ञान और स्वास्थ्य प्रथाओं पर स्वास्थ्य नीतियों और आधुनिकीकरण की निरंतरता, चुनौतियां और संगम" शीर्षक परियोजना के लिए 18 लाख रुपये का ग्रांट दिया गया है। इस राशि का उपयोग बिरजिया जनजाति पर रिसर्च करने के लिए किया जायेगा।

# हम प्रत्येक खीस्तीय हैं मिशनरी: महाधर्माध्यक्ष थॉमस डिसूज़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सभी कृपाओं की मध्यस्थ गिरजाघर, नवाटांड़ में उपयाजक बसिल तिग्गा का पुरोहित अभिषेक की धर्मविधि पूरी की गई। इस पुरोहित अभिषेक की धर्मविधि कोलकाता महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष थॉमस डिसूज़ा द्वारा सम्पन्न किया गया। नवाटांड़ पल्ली की कलीसिया के लिए ऐतिहासिक दिन रहा क्योंकि पल्ली में आज बसिल तिग्गा का पुरोहित अभिषेक का आयोजन रहा। चूंकि बसिल तिग्गा ने अपने मिशन कार्य के लिए कोलकाता महाधर्मप्रांत का चुनाव किया है। इसलिए अभिषेक की धर्मविधि कोलकाता महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष थॉमस डिसूज़ा द्वारा सम्पन्न किया गया। पल्ली वासियों ने उनके आगमन पर उन्हें पालकी पर बैठा कर नाचते गाते हुए उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाधर्माध्यक्ष थॉमस डिसूज़ा की अगुवाई में समारोही मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। उन्होंने अपने धर्मोपदेश में कहा "कि हम प्रत्येक ख्रीस्तीय विश्वासी एक मिशनरी हैं। इसी मिशनरी उत्साह के कारण ही आज इस पल्ली पर पुरोहित अभिषेक की धर्मविधि हो पाई है।" उन्होंने पुरोहित होने का वास्तविक अर्थ भी समझाया और नव अभिषेक पाने वाले बासील तिग्गा के लिए विशेष प्रार्थना भी अर्पित किया। मिस्सा के अंत में नव पुरोहित फा. बसिल तिग्गा ने सभी को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया एवं संपूर्ण समुदाय को को अपना पहला आशीर्वाद प्रदान किया। पुरोहित अभिषेक की धर्मविधि संपन्न होने के पश्चात छोटा संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित रहा। रंगा रंग कार्यक्रम, संगीत एवं नाच के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान कोलकाता महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष थॉमस डिसूज़ा, रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद, मांडर विधानसभा के पूर्व विधायक श्री बंधु तिर्की, वर्तमान विधायक श्रीमती नेहा शिल्पी तिर्की, नवाटांड के पल्ली पुरोहित फा० क्रिस्टोफर लकड़ा, कोलकाता से आए पुरोहितगण अन्य पुरोहितगण एवं हज़ारों की संख्या में ख्रीस्तीय विश्वासी शामिल रहे।

# हज उपयोग में आने वाली जरूरी सामग्री भेंट की



**रांची।** लोक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मॉर्निंग ग्रुप के सदस्य मोहम्मद नौशाद को हज उपयोग होने वाले कुछ जरूरी सामग्री तोहफा के रूप दिया। मॉर्निंग ग्रुप ऑफ झारखंड के सरपरस्त अध्यक्ष सचिव एवं मुख्य सदस्यों ने सम्मानित किया। मालूम हो की इस साल मोहम्मद नौशाद भी अपने पत्नी के साथ पवित्र हज के लिए सऊदी अरबिया जा रहे हैं और उनके स्वागत एवं सम्मान पर एक कार्यक्रम मॉर्निंग ग्रुप ऑफ झारखंड के तरफ से रखा गया। साथ देश राज्य की तरक्की एकता शांति के लिए दुआ की दरखास्त अपिल की । कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहम्मद अलीमुद्दीन, अकील उर रहमान, मोहम्मद मुस्तकीम आलम, मोहम्मद एजाज, नेहाल अहमद, यूनुस खान, मोहम्मद मनन, नन्नू भाई, सरफराज अहमद, नसीम साहब , अंसारी साहब, परवेज भाई आदि ने मुबारकबाद दिया।

# लोगों के बीच पक्षियों के दाना-मिट्टी के लिए बर्तन वितरित

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा रांची की ओर से रविवार को मोरहाबादी मैदान में सैर-सपाटे के लिए पहुंचे लोगों के बीच पक्षियों के लिए दाना और मिट्टी के बर्तन का वितरण किया गया। संगठन का यह कार्यक्रम पक्षियों को दाना और पानी को लेकर चलाए जा रहे जन जागरुकता अभियान के दूसरे चरण का हिस्सा था। इस मौके पर लगे सेवा शिविर में बड़ी संख्या लोगों ने भागीदारी निभाई। सभी ने गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने में योगदान का संकल्प दुहराया ताकि उन्हें प्राण पोषण के लिए दाना के साथ पानी भी मिल जाए। शिविर के आयोजन में संगठन के विभूति शंकर सहाय, हेमंत, नवल किशोर सिंह, श्रीराधा मोहन मिश्रा, मानंद सिंह, अभिजीत रौनियार, सुचित्रा, रचना रौनियार, गिरेंद्र नाथ, अंजनी सिंह, रोहित सिंह, द्वेदनाथ शाहदेव, समुद्र नाथ शाहदेव, सौरभ राज, शाम्भवी, मानवेंद्र, अक्षत नाथ समेत अन्य शामिल हुए।

# चंपाई सोरेन की सियासत अब झूठ पर टिकी हुई है : सतीश पॉल मुंजनी

**रांची।** कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयनमैन सतीश पॉल मुंजनी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के बयान हताशा में दी गई एक घिसी-पिटी पटकथा थी, जिसमें न झारखंड का भविष्य था, न जनहित की चिंता, सिर्फ झूठ और झूठे आरोपों का थोक भंडार था। सत्ता की भूख में बौखलाये चंपाई सोरेन की सियासत अब झूठ पर टिकी हुई है। सत्ता से बाहर होते ही भाजपा नेता झूठ, अफवाह और भय की राजनीति पर उतर आए हैं। आज जिस तरह आदिवासी महिला से छेड़खानी के एक गंभीर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास हुआ और तथाकथित बांग्लादेशी घुसपैठियों की मनगढ़ंत कहानियां सुनाई गईं, वह केवल लोगों को गुमराह करने और मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि आदिवासी महिलाओं की सुरक्षा पर भाजपा की दोहरी नीति है। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जब दिल्ली में आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म होता है।

## बॉलीवुड हस्तियों का रांची में जमावड़ा, कहा

# यहां भी बने फिल्म, शानदार है यहां का लोकेशन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** समाजसेवी आदित्य विक्रम जायसवाल की पहल पर फोकलोर एंड फिल्टर कॉफी ए झारखंड स्पेशल टॉक शो का आयोजन रांची में किया गया। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड फिल्मों के निर्माता लेखक और नेशनल फिल्म अवार्ड के चेयरपर्सन राहुल रवैल, फिल्म मेकर सह अभिनेता राहुल मित्रा, भारत के प्रथम मिशेलिन स्टार शेफ सुवीर और मशहूर फिल्म अभिनेत्री कुनिका सदानंद शामिल हुईं।

इस विशेष मौके पर झारखंड में फिल्म निर्माण और निर्देशन को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और अन्य कई लोग शामिल हुए। झारखंड को फिल्म के क्षेत्र में कैसे ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। साथ ही राज्य को आगे बढ़ाने के लिए राज्य में कैसे बॉलीवुड की अधिक से अधिक फिल्में शूट की जाए और यहां के कलाकारों को बॉलीवुड तक कैसे पहुंचाए जाए। इन बातों पर विशेष रूप से चर्चा हुई राज्य में रोजगार को कैसे बढ़ावा मिले इस विषय पर भी चर्चा की गई।

# आदिवासियों और मूलवासियों को बांटने का षड्यंत्र रच रही भाजपा : झामुमो

**रांची।** भाजपा नेता चंपाई सोरेन के बयानों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा को राज्य की जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार के स्पेशल टास्क फोर्स के गठन का असली मकसद आदिवासी समाज को डराने और कमजोर करने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों के नाम पर राजनीति कर रही है, लेकिन सत्ता में रहते हुए उन्होंने कभी सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं दी। महासचिव विनोद पांडेय ने आगे कहा कि महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा को झारखंड सरकार को घेरने का कोई अधिकार नहीं है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा पूरी तरह केंद्र सरकार का विषय है। अगर घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपनी गलती को सुधारने के लिए कदम बढ़ाना चाहिए। लेकिन अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने की अपनी आदत के अनुकूल भाजपा काम करती दिख रही है।

# किरायादार ने फर्जी कागजात तैयार कर मकान पर कब्जा कर लिया

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र में किराएदार ने छल-प्रंपच से फर्जी कागजात तैयार कर मकान पर कब्जा कर लिया। जिस मकान पर किराएदार शंकर कुमार ने कब्जा किा है, वह दिवंगत ग्राम सेवक मुंशी मुंडा का है। मामले में दिवंगत ग्राम सेवक की विधवा ने किराएदार शंकर के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# युद्ध के लिए आर्थिक व्यवस्था में योगदान के लिए राजधानी की जनता है तैयार

**रांची।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। भारत की ओर से सख्त रुख अपनाया गया है, वहीं पाकिस्तान की ओर से हमेशा की तरह बयानबाज़ी और धमकियों का सिलसिला जारी है। कई पाकिस्तानी विश्लेषक परमाणु युद्ध की बात तक करने लगे हैं। इसी बीच भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर के लिए भी सहमति बनी लेकिन सीजफायर के कुछ ही घंटों के बाद पकिस्तान ने भारत पर हमला कर दिया इसे लेकर भारत वासियों में आक्रोश देखने को मिला। कुछ लोगों का मानना है जंग में सब जायज है।

## महंगाई बढ़े पर युद्ध हो : रुद्र सिंह



रुद्र सिंह ने कहा निर्णायक युद्ध होना चाहिए। वहीं बात रही महंगाई बढ़ने की तो बेशक बढे.लेकिन युद्ध होना चाहिए।

## आतंकवादियों का जड़ से सफाया हो : अभिषेक प्रसाद



अभिषेक प्रसाद ने कहा युद्ध होना इसलिए जरुरी है क्योंकि आतंकवादियों को छोड़ देंगे तो कल फिर से आतंक फैलाएंगे। इसलिए इसका जड़ से सफाया होना चाहिए।

## पाकिस्तान ने युद्ध का माहौल बनाया : अंकित

युद्ध हम लोग नहीं चाहते थे मगर पकिस्तान ने ऐसी स्थिति बना दी कि उसको रोका भी नहीं जा सकता। अगर युद्ध होता है तो महंगाई बढ़ेगी जिस से हमें थोड़े दिनों के लिए परेशानी हो सकती है।

## हमें सबक सिखाना था वो कर दिया : संजय



भारत कभी युद्ध नहीं करना चाहती है क्योंकि युद्ध बराबरी के लोगों के साथ किया जाता है ना की कमजोरों के साथ। हमें सबक सिखाना था हमने सिखा दिया।

## आतंकी हमले को भारत ने तगड़ा जवाब दिया : डॉ अभिषेक



आज तक जितने भी आतंकी हमले हुए हैं सभी का तगड़ा जवाब दिया गया है। भारत ने कभी युद्ध चाह ही नहीं लेकिन यदि पकिस्तान सुधारना नहीं चाहती तो हमें लड़ना होगा। पाकिस्तान कभी भारत से युद्ध नहीं जीत सकता है।

## आतंकवाद को जवाब देना जरूरी है : निशांत



निशांत ने कहा भारत औ बहुत प्रयास किया लेकिन उन्हें ये हमारी कमजोरी लगी, इसलिए एक बार उसको उसकी भाषा में जवाब देना चाहिए। युद्ध निश्चित तौर पर अच्छा नहीं होता है लेकिन आतंकवाद का जवाब है उनके ठिकानों को नष्ट करना। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद प्रथम युद्ध है, या अंतिम युद्ध। पहले भी राष्ट्र के लिए लोगों ने बलिदान दिया है। और राष्ट्र हित में जितना सहना था सहा है। उस हिसाब से महंगाई एक छोटी सी चीज है।

## आज / कल




# डोरंडा कॉलेज में इग्नू के ओडीएल कार्यक्रमों की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में जनवरी-2025 सत्र के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा, इग्नू रांची क्षेत्र के वरीय क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस मोहंती, समन्वयक डॉ अरविंद कुमार, सह समन्वयक डॉ अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने वैश्विक परिदृश्य में उत्पन्न हुई समस्याओं और उनके समाधान के लिए विद्यार्थियों में बौद्धिक लोकतंत्र विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इग्नू विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो शिक्षार्थियों को दूरस्थ शिक्षा उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में संपूर्ण विश्व की अध्ययन -अध्यापन प्रक्रिया समाहित है। वहीं, डॉ एस मोहंती ने इग्नू के उत्कृष्ट अध्ययन सामग्रियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विद्याथियों में बेहतर पाठन, लेखन और चिंतन कौशल विकसित करने पर जोर दिया।

### डॉ. मसीह प्रकाश एक्का स्मृति नाइट टूर्नामेंट

# किसान क्लब नया सराय ने मुकाबला अपने नाम किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डॉ. मसीह प्रकाश एक्का स्मृति नाइट टूर्नामेंट 2025 के तीसरे सत्र में एरचेरो 11 और किसान क्लब नया सराय के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मुकाबला देखने को मिला। यह टूर्नामेंट ग्रामीण युवाओं के बीच खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। इस हाई एनर्जी मैच में एरचेरो 11 की पूरी टीम 10.5 ओवर में मात्र 83 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से हुस्नैन ने 18 रन और अमित ने 14 रन बनाए। किसान क्लब की ओर से शानदार गेंदबाज़ी करते हुए सैफ ने 37 रन देकर 4 विकेट लिए, वहीं अर्बाज अंसारी ने 14 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए किसान क्लब नया सराय ने 7.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 85 रन बनाकर मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। सैय्यद ने नाबाद 58 रनों की धमाकेदार पारी खेली। एरचेरो 11 की ओर से आसिक ने 22 रन देकर 1 विकेट लिया। सभी अतिथियों ने टूर्नामेंट में दिखाए गए खेल भावना और सामुदायिक भागीदारी की सराहना की और ग्रामीण विकास व युवाओं की भागीदारी में ऐसे आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया।

### कब्र से निकाला गया नवजात का शव, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र के राम मड़ैया बस्ती में रेलवे ब्रिज के नीचे दफनाए गए नवजात के शव को पुलिस ने रविवार को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । इसके लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को अलग से तैनात किया गया था। दरअसल, शनिवार को राम मड़ैया बस्ती में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ था। इसे स्थानीय लोगों ने राम मड़ैया स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे दफना दिया था। इस घटना का खुलसा होने के बाद नवजात के शव को रविवार को पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में कब्र से बाहर निकाला और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिंह लॉज में चोरी का आरोपी सामान के साथ गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**

नामकुम थाना क्षेत्र के भुइयां टोली सामलोंग से स्थित सिंह लॉज से 2 दिन पूर्व अज्ञात अपराधियों ने सिंह लॉज से लाखों का लैपटॉप, मोबाइल, लॉकेट, बैग, पर्स इत्यादि चोरी चोरी का घटना को अंजाम दिया। घटना के पश्चात नामकुम पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। घटना के संबंध में नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि चोरी की घटना के पश्चात तत्काल 24 घंटे के अंदर ही चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी राजकुमार पूरन उर्फ राजकुमार गोंझू को गिरफ्तार करते हुए कांड में चोरी किए गए सामान लैपटॉप, बैग, लॉकेट, पर्स इत्यादि को अभियुक्त के निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया।

## आंधी तूफान और बारिश से कई लोगों का घर क्षतिग्रस्त



**मांडर।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार दोपहर आए आंधी तूफान और बारिश से कई लोगों का घर का छप्पर उड़ गया। अचानक आए इस आंधी और बारिश ने लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना। इस बारिश से काफी लोगों को नुकसान हुआ। मुडमा में आंधी तूफान से सूकरो उराईन, बुधुवा उराव, फागू उरांव का घर का शीट एवं लक्ष्मण उरांव का घर क्षतिग्रस्त हो गया। घर का एस्बेस्टस भी उड़ गया। मेशाल में जुबेर अंसारी का घर ध्वस्त हो गया।

## मंडा पूजा पर जागरण का आयोजन



मांडर । मंडा पूजा पर मांडर प्रखंड के करगे गांव में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कर्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी शामिल हुए। इस रगारंग कार्यक्रम में नाच गाने का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। जागरण कर्यक्रम को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सकलदीप सिंह, गौतम कुमार सिंह, शेती प्रसाद साहू,आलमगीर आलम, इस्लाम अंसारी,अरविंद साहू,शमीम अंसारी,राजकुमार सिंह, दुर्गा चरण सिंह , करगे पंचायत मुखिया चमरा उरांव एवं समिति के सभी सदस्य योगदान रहा।सांस्कृतिक कार्यक्रम का रात भर दर्शकों ने लुफ्त उठाया।

### सीसीएल ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं सिर्फ इन्हें तराशने की जरूरत : महाप्रबंधक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीसीएल के कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ रविवार को गांधीनगर क्रीड़ांगन में हुआ। शिविर का उद्घाटन महाप्रबंधक (कल्याण), रेखा पांडेय द्वारा किया गया। मौके पर महाप्रबंधक (कल्याण) ने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताया तथा उन्हें अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा क झारखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें तराशने की जरूरत है। उन्होंने प्रशिक्षण में सहयोग दे रहे क्रिकेट व वॉलीबॉल कोचों का स्वागत किया। वॉलीबॉल शिविर का संचालन झारखंड वॉलीबॉल संघ के लेवल-2 कोच निशिकांत पाठक, उत्तम राज तथा सीसीएल के अनुभवी वॉलीबॉल खिलाड़ी सतीश उरांव एवं रवि शंकर मंडल द्वारा किया जा रहा है। वहीं, क्रिकेट प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सीसीएल के खिलाड़ी आनंद कुमार, धनंजय सेंद्रिया एवं मोहित राज मिंज को सौंपी गई है। शिविर में भाग ले रहे बच्चों को खेल की बारीक तकनीकें, शारीरिक व्यायाम, अनुशासन एवं टीम भावना के गुण विशेष रूप से सिखाए जा रहे हैं। बच्चों में शिविर को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह 14 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे से 8:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा तथा 31 मई 2025 तक चलेगा। शिविर में लगभग 200 बच्चे भाग ले रहे हैं, जो इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य श्री दिलीप कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार



**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड के पंचायत सचिव रामेंद्र कुमार सिन्हा को एसीबी की टीम ने 6000 रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा। मनरेगा के टीसीबी निर्माण में भुगतान को लेकर रिश्वत ले रहे थे।

## एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**चान्हो।** तीजूसा रिटेल प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से रविवार को पाटुक स्थित गुप्ताज बावर्ची डिलाइट होटल में सिटी शॉप का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर बोलते हुए कंपनी के सी एम डी सनी कुमार चौरसिया ने कंपनी के प्रोडक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की जो पीरियड्स की समस्या होती है उसमें जो पैड उपयोग किया जाता है उस पैड से बीमारी होने का खतरा बना रहता है। लेकिन सिटी शॉप का जो पैड है उसको उपयोग करने से महिलाओं में होने वाली बीमारियां दूर होती है। साथ ही बहुत कम खर्चे में उनका मासिक समस्याओं का हल हो जाता है। मुशर्रत जहां ने डेमो देकर महिलाओं को दिखाया कि किस तरह से हमलोग इस प्रोडक्ट को उपयोग करके काफी समय तक सुरक्षित रह सकते हैं। कार्यशाला में रोहित कुमार ने भी लोगों को कंपनी के प्रोडक्ट के फायदे बतलाए। मौके पर अब्दुल रब, शबनम प्रवीण, प्रमिला मुंडा, रामदुलारी देवी, किरण देवी उपस्थित थी।

## चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन



पिठौरिया । राजकीय कृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय पिठौरिया में चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम लगन महली के उपस्थिति में पारंपरिक खेल से शुरू की गई। पारंपरिक खेल मे छूर, गोटी खेलना, गीली मिट्टी से खिलौना बनाना, मिमिक्री करना,पकड़म-पकड़ाई, चोर-सिपाही, गिल्ली-डंडा, एक फूल दो माली, लूडो, कैरम, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल,इत्यादि खेलों में वर्ग पहला से वर्ग दशम तक के छात्र /छात्रा ने हिस्सा लिया। बच्चों को खेलने में मुख्य रूप से प्रभारी आरती मिंज,सुषमा कुमारी,कुमकुम, ज्योति निधि, जया कुमारी पाण्डेय,मंजू कुमारी, स्वेता कुमारी,आभा कुमारी,सोनी कुमारी,निशि कुमारी,नीलम केशरी,कृष्ण महतो और अमरेंद्र कुमार ने सहयोग किया।

## तेज आंधी से पेड़ पौधे गिरने के कारण बिजली हुई है बाधित, मरम्मती जारी, शीघ्र होगी बहाल : जेई



**बरही ।** आंधी पानी के कारण पिछले 24 घंटे से बरसोत, श्रीनगर व उसके आस पास के क्षेत्र बिजली के अभाव में अंधेरे में डूबा है. उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग ने इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं किया है. जिससे बिजली कब आएगी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है. ऐसे ही शिकायत करियातपुर के ग्रामीणों की है. वहां भी पिछले 24 घंटे से बिजली नदारत है. विभागीय जेई अभिषेक आनंद के अनुसार आंधी तूफान के कारण कई स्थानों पर पेड़ पौधे गिर गए हैं. बिजली तार और खंभे क्षतिग्रस्त हो गए है. मरम्मती कार्य जारी है. कुछ क्षेत्रों के बिजली बहाल किए जा चुके है. शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों की बिजली बहाल कर दिए जाएंगे.

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर युवक का पैर कटकर हुआ अलग

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर मुरहू थाना के कुंजला बाजार के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक का पैर कटकर अलग हो गया। जानकारी कें अनुसार एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक का दाहिना पैर पूरी तरह चकनाचूर हो गया और एक हिस्सा कटकर अलग हो गया। घायल युवक अल्बर्ट रोहित एक्का तोरपा का रहने वाला है। युवक ने खूंटी सदर अस्पताल में अपना नाम और पता तो बताया, लेकिन परिजनों से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी और न ही कोई मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक बाइक से सफर कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मारी और फरार हो गया। भाजपा नेता काशीनाथ महतो ने बताया कि घायल अवस्था में युवक को स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस सेवा की सहायता से खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी और अन्य चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची स्थित रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। एम्बुलेंस चालक ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर काफी भीड़ थी, लेकिन अफसोस की बात यह रही कि घायल को एम्बुलेंस में चढ़ाने के लिए कोई सामने नहीं आया।

## आंधी-तूफान ने मचाई तबाही



**मांडर।** मांडर के मुड़मा,मेशाल और सुरसा में आंधी तूफान से कई घरों के एस्बेस्टस उड़े। वहीं बड़े-बड़े पेड़ भी गिर गए। आंधी से कई बिजली का पोल भी गिर गए। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हुई। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मसमानो के बदरुद्दीन अंसारी का दुधारू गाय की बज्रपात से मौत हो गई। यह घटना दोपहर 2:00 बजे हुई है।

## अड़की में दर्दनाक सड़क दुर्घटना, दो की मौत

**अड़की।** थाना क्षेत्र के अड़की उलिहातु सड़क पर नीलीडीह पुल गांव के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। घटना शनिवार रात गुनतूरा में मेला देखने के बाद रविवार सुबह घर लौटने के दौरान हुई।मृतकों की पहचान 20 वर्षीय हूंठ निवासी बिरसा मुंडा, और 19 वर्षीय हूंठ निवासी सुखलाल लोहारा के रूप में हुई है। दुर्घटना के संबंध मे बताया जा रहा हैं । कि शनिवार रात दोनों युवक गुनतूरा में मेला देखने गए थे सुबह 7 बजे के आसपास घर लौटने के दौरान उनकी बाइक नीलीडीह पुल के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। ग्रामीणों की सहायता से दोनों घायलों को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। वही अड़की पुलिस मामला दर्ज करने के बाद शवो का पोस्टमार्टम करा कर स्वजनों को सौंप दिया है दोनों युवकों की मौत से उनके परिवार और गांव में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिवार को ढांढस बंधाया है।

# 10वीं व 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल के टापर्स के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि विद्यालय की छात्रा कृत्तिका सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया जबकि 10वीं बोर्ड परीक्षा में सुश्री वैभवी झा 94.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय की टॉपर रही । 10वीं एवं 12वीं के पांच-पांच छात्रों को विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें 12 वीं की छात्रा सोनाक्षी गुप्ता, उन्नति सिंह, छात्र नवीन कुमार शर्मा तथा आदित्य धवन थे। जबकि 10वीं की छात्रा अंजला नाजिर एवं छात्र निशांत कुमार शर्मा तथा पंकज कुमार पांडेय को सम्मानित किया गया। उद्बोधन के क्रम में कलकत्ता पब्लिक स्कूल के उपाध्यक्ष सह-सचिव प्रभाष कुमार झा ने बताया कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सी०बी०एस०ई० में मान्यता के उपरांत विगत वर्षों में 10वीं 12वीं परीक्षा में सफल, प्रथम श्रेणी प्राप्त तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों का ब्योरा देते हुए बताया कि इस वर्ष 2025 में विद्यालय का प्रदर्शन निश्चित रूप से अत्यंत ही उत्साहवर्द्धक रहा। हमारे 137 छात्र में से सिर्फ एक कंपार्ट देंगे। विद्यालय का शैक्षणिक माहौल छात्रों के लिए अत्यन्त ही अनुकूल है और परिणामस्वरूप 12वीं के तीनों टॉपर तथा 10वीं दो टॉपर छात्राएँ हैं। सफलता का शत-प्रतिशत श्रेय छात्रों की लगन, मेहनत अभिभावकों के सक्रिय सहयोग एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को देते हुए भविष्य के लिए शुभकामानाएँ दी। प्राचार्या प्रियम्दा झा ने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज से आप सभी अपने जूनियर छात्रों के लिए रोल मॉडल एवं मार्गदर्शक होंगे। आज का दिन छात्रों का है और आशा करती हूँ कि आगामी वर्षों में विद्यालय उतरोत्तर बेहतर प्रदर्शन करेगा। विद्यालय के रेक्टर मिथिलेश कुमार मिश्र ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी। वहीं कहा कि यह सफलता का प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान है इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आईआईटीए, नीट, क्लैट, कैट, पीसीएस, यूपीएससी आदि की परीक्षाओं में जब हमारे छात्र सफल होंगे, तब हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस करेंगे। हम छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। विद्यालय के उप प्राचार्य श्रावणी गुप्ता सहित शिक्षक अनुराधा चटर्जी, पुरूषोत्तम पांडेय, श्याम कुमार,गौरव श्रीवास्तव, रूबी सिंह, अनुज कुमार तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालन अनुराधा चटर्जी ने किया।

## बड़ा पूजा का आयोजन 25 से 27 मई तक

**रांची।** राजधानी रांची स्थित मनीटोला में मां मनोकामना काली मंदिर में इस वर्ष भी जय मां काली जगदम्बा ट्रस्ट द्वारा बड़ा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य एवं डोरंडा थाना प्रभारी के साथ एक बैठक की। बैठक में पूजा को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने बताया कि मनोकामना काली पूजा मंदिर में आयोजित होने वाली बड़ा पूजा के प्रति लोगों की अपार आस्था है। इस वर्ष तीन दिवसीय बड़ा पूजा का आयोजन 25 से 27 मई तक किया जाएगा। प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य पूजा 26 मई को होगी प्रात 3 बजे से प्रारंभ हो जाएगी और मां के भक्तों के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं 27 मई को मां काली को समर्पित जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी रामेश्वर पासवान ने कहा कि बड़ा पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन का इंतजार मां के भक्त एक वर्ष तक करते हैं।यहां मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मां के आराधना करते हैं।

## भाकपा माओवादी की साजिश फिर नाकाम, 5 आईईडी बम बरामद




**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

भाकपा माओवादी के खिलाफ एक बार फिर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलियों की साजिश फिर नाकाम हो गयी है। पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना के रुतागुटू जंगल में सुरक्षा बलों द्वारा रविवार को भाकपा नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया जा रहा था। सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान रुतागुटू में पुराने नक्सल डंप मिला। इसे सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही बरामद 5 आईईडी बम को भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा गोइलकेरा एवं टोंटो पहाड़ी क्षेत्र में हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखने की सूचना मिली।

इसी आलोक में रविवार को टोंटो एवं गोइलेकरा की सीमा के पास सर्च अभियान किया गया था। अभियान में चाईबासा जिला पुलिस, सीआरपीएफ 193 बटालियन और झारखंड जगुआर के जवान शामिल थे। जिस तरह से अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है उससे झारखंड को काफी नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि पहले अपराध पर अंकुश लगा है लेकिन जितना लगना चाहिए था उतना नहीं लग पाया है।

## नामकुम में अबुआ आवास योजना के 341 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया



**नामकुम।** प्रखंड के टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय में शनिवार को अबुआ आवास योजना का प्रखंड स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश कच्छप ने योजना के 54 लाभुकों को कलश और अबुआ आवास की प्रतीकात्मक चाबी देकर गृह प्रवेश कराया। विधायक ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना धरातल पर साकार हो रही है। कच्छप ने कहा कि योजना के तहत सरकार लाभुकों को दो लाख रुपये और मनरेगा से 95 दिन की मजदूरी लगभग 25 हजार रुपये मिलाकर कुल तीन कमरे का पक्का आवास दे रही है। बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि सभी का सपना होता है उसका एक पक्का का अपना घर हो, आज यहां पर लाभुकों के चेहरे की चमक बता रही है कि उनका वह सपना साकार हो रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा गृह प्रवेश कराया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने ग्रामीणों से प्रतिमाह की 26 तारीख को पंचायत सचिवालय आकर सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ उठाने की अपील की। मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा कुमारी, माधुरी देवी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, रमेश कुमार, अरविंद लोहरा, विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप, शैलेश मिश्र, पंचायत के जनसेवक, पंचायत सचिव और अबुआ आवास के लाभुक मौजूद थे।

# सिमडेगा बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव

## यात्रियों और दुकानदारों को हो रही भारी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय स्थित वीर शहीद तेलेंगा खड़िया बस स्टैंड, जो जिले के भीतर और बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों का प्रमुख केंद्र है, इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। नगर परिषद की अनदेखी के कारण यहां की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है, जिससे आम लोगों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।बस स्टैंड परिसर में सबसे बड़ी समस्या साफ-सफाई की है। कचरा चारों तरफ फैला रहता है और नियमित सफाई नहीं होने से दुर्गंध का माहौल बना रहता है। विशेष रूप से पुरुष शौचालय की हालत अत्यंत दयनीय है। वहां गंदगी की अंबार लगी रहती है, जिससे शौचालय का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि इस गंदगी से उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है और उन्हें दिनभर दुर्गंध झेलनी पड़ती है ।इसके अलावा, बस स्टैंड के दोनों निकास गेटों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों की वजह से आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। न तो इनकी मरम्मत कराई जा रही है और न ही अस्थायी उपाय किए जा रहे हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं ।गर्मी के मौसम में यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी पीने के पानी को लेकर हो रही है। नगर परिषद की ओर से बस स्टैंड परिसर में मटका तो रखे गए हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं भरा जाता। इससे यात्रियों को खासतौर पर दोपहर के समय में खासी मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं ।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद बस स्टैंड से लाखों रुपये का राजस्व हर महीने वसूलती है, लेकिन सुविधा के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। सालों से बस स्टैंड की रंग-रोगन भी नहीं की गई है, जिससे परिसर बदरंग और जर्जर दिखता है। चारों ओर गंदगी फैली है, कई जगहों पर बैठने के लिए लगाए गए बेंच और चबूतरे टूट चुके हैं, जिससे यात्रियों को बैठने की सुविधा भी नहीं मिलती ।स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों ने नगर परिषद से मांग की है कि बस स्टैंड की हालत में सुधार किया जाए, नियमित सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालयों की सफाई, गड्ढों की मरम्मत और बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यदि शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो लोगों का आक्रोश फूट सकता है। सिमडेगा जैसे महत्वपूर्ण जिला मुख्यालय के बस स्टैंड की बदहाली शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है।

## गिरजाघर साहूबेड़ा को नए पल्ली का दर्जा दिया गया

**बानो।** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत आर सी चर्च साहूबेड़ा को नया पल्ली घोषणा किया गया।इस अवसर पर समारोह आयोजित कर पल्ली बनने की विधिवत घोषणा किया गया।धार्मिक कार्यक्रम संपन्न किया गया।जिसमें मुख्य अनुष्ठाता के रूप में सिमडेगा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष विशप विंसेंट बरवा के कर कमलों द्वारा धर्मविध अनुष्ठान संपन्न किया गया तथा पल्ली की घोषणा किया गया।विशप विन्सेन्ट बरवा ने संदेश में उन्होंने कहा आप ख्रीस्त के प्रेम में सदा बने रहें। परमेश्वर सर्वशक्तिमान है। हमें प्रभु यीशु की स्तुति नित दिन करना चाहिए अपने धर्म के प्रति आस्था रखना चाहिए प्रभु के वचनों को अपने जीवन में उतरना चाहिए और और उनके अनुरूप कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर बिशप के सचिव फादर पीटर मिंज, चांसलर फादर फबियन डुंगडुंग, लचरागड़ भिकारिएट डीन फादर राजेश केरकेट्टा, फादर थोमस सोरेंग, फादर अगुस्टींन डुंगडुंग,फादर भितुस केरकेट्टा, फादर अलेक्सजेंडर कुल्लू, फादर हेनरी, फादर अलेक्सजेंडर टेटे, फादर एडमोन बाड़ा, फादर विजय, फादर रोशन, फादर राजेन सौबेड़ा पल्लवी पुरोहित फादर बिमल जोजो, ब्रदर गण, एवं सिस्टरगण तथा हजारों संख्या में ख्रीस्त विश्वासी उपस्थित रहे।

# गिरजाघर ईश्वर का घर है, यहां लोग एकत्रित हो कर अराधना करें : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जी ई एल चर्च राइबहार मंडली में तीसरा गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिशप मुरेल बिलुंग और क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाडी शामिल हुए। कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों का स्वागत ढ़ोल नगाड़ों एवं नाच गान करते हुए स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। तत्पश्चात चर्च का आशीष संस्कार किया गया। इसके बाद दया याचना का पाठ व प्रभु यीशु के महिमा गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बिशप मुरेल बिलुंग के द्वारा किया गया। मौके पर विभिन्न मंडलियों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई ।कार्यक्रम के दौरान बिशप मुरेल बिलुंग ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीसु का आगमन हमारे उद्धार के लिए हुआ है और हम सभी को आपस मे प्रेम, शांति और एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है। इसलिए हम सभी को अपने जीवन मे इसे आत्मसात करनी चाहिए। वही मौके पर मौजूद *विधायक नमन बिक्सल कोंगडी* ने अपने संबोधन में कहा कि गिरजाघर ईश्वर का घर है, यहां लोग एकत्रित हो कर ईश्वर से अराधना करते हैं, चूंकि एकत्रित हो कर अराधना करने से अलग प्रकार की अनुभूति और संतुष्टि प्राप्त होती है। इस गिरजाघर में अराधना करने पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रभू ईशू मसीह स्वयं विराजमान हैं, प्रभू ईशू को कहीं भी मन से याद कर सकते हैं, किन्तु इस ईश्वर का घर जिसे हम गिरजाघर कहते हैं ये एक आस्था का प्रतीक है। इसमें जमा हो कर प्रार्थना करने से मन को अलग प्रकार की शांति मिलती है ।गिरजाघर कोई भवन या इट पत्थर का बना भौतिक जगह नहीं है। यह परमेश्वर के परिवार के लोगों का समूह है, परमेश्वर के निवास के लिए गिरजाघर उनके घर की तरह है। उन्होंने कहा कि गिरजाघर में प्रभु की उपस्थिति में उनके वचन को सीखने और अध्यात्मिक सुख प्राप्त किया जाता है। उन्होंने मंडली के सभी लोगों से संगठित रहते हुए आत्मिक उन्नति और बढ़ोत्तरी के लिए गिरजाघर में प्रतिदिन विनती प्रार्थना करने की बात कही ।मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपीन पंकज मिंज मानसिद डुंगडुंग सभापति भींसेंट डुंगडुंग, पादरी मंजूषा सोरेंग, प्रियंका कुल्लू, सभा संचालन सुमित कीड़ों, प्रचारक विजय सोरेंग, मनीषा समद, याकूब कुल्लू, ज्योति तबीता बिलुंग, पवन केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

# आकांक्षी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बांसजोर।** आकांक्षी प्रखंड बांसजोर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, महिला स्वास्थ्य सेविका तथा बहुउद्देशीय कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सहित अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना तथा इन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी रूप से लागू करना था ।बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सहिया दीदियों को निर्देशित किया कि आकांक्षी प्रखंड के मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि जहाँ भी आवश्यकता हो, वहाँ पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने जानकारी दी कि बांसजोर प्रखंड के कुल छह स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में गुणवत्ता मानकों की सुविधाओं की बहाली हेतु प्रयास जारी हैं, और इस दिशा में कार्य युद्धस्तर पर हो रहा है ।सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अगले दिन से ग्राम स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता समिति का गठन करें तथा इसकी सूचना समय पर प्रस्तुत करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि टीकाकरण अभियान में किसी प्रकार की कमी न हो। ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस का संचालन भी सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से किया जाए ।इसके अतिरिक्त, सिविल सर्जन ने यह भी निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में बाजार या हाट का आयोजन होता है, वहाँ गैर-संक्रमणीय रोगों की जांच तथा स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ भी सक्रिय रूप से चलाई जाएँ। बैठक में प्रभारी चिकित्सक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसजोर, पिरामल फाउंडेशन से सौमन, आकांक्षी प्रखंड सहयोगी प्रशांत तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं संबंधित लोग उपस्थित थे।

## जोराम के पास आंधी तूफान बारिश की वजह से गिरा बड़ा पेड़

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराम में रविवार को तेज आंधी और बारिश के कारण नेशनल हाईवे 143 पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। यह घटना जोराम मुख्यालय के पास घटी, जहाँ तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। पेड़ गिरने से हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह ठप हो गया ।स्थानीय ग्रामीणों ने त्वरित पहल करते हुए आपसी सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ को काटकर हटाया। ग्रामीणों ने बिना किसी प्रशासनिक मदद के कुछ ही घंटों में सड़क को पूरी तरह से साफ कर दिया, जिससे हाईवे पर पुनः यातायात चालू हो सका। इस दौरान किसी प्रकार की जानमाल की हानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन घटना से यात्रियों को कुछ समय के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# पुरोहिताई जीवन के 25 वर्ष, रजत जयंती समारोह में शामिल होकर जोसिमा खाखा ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** डीन सह पल्ली पुरोहित फा. हेरमन खलखो के पुरोहिताई जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विंधाइनटोली चर्च परिषर में रजत जयंती समारोह का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में ज़िला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुईं और फा. खलखो को उनकी सेवा के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह की शुरुआत मिस्सा पूजा से हुई। जिसमें क्षेत्र के अनेक पल्लियों से आए विश्वासी, पुरोहितगण और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मिस्सा पूजा के दौरान फा. हेरमन खलखो के 25 वर्षों के सेवाभाव को याद किया गया और उनके समर्पण, निष्ठा और अनुकरणीय योगदान की सराहना की गई। जोसिमा खाखा ने अपने संबोधन में कहा कि फा. हेरमन खलखो न केवल एक प्रेरणास्रोत पुरोहित हैं, बल्कि समाज सेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने निस्वार्थ भाव से जो सेवा दी है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति हुई। जिसमें बच्चों और युवाओं ने भाग लेकर उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फा. खलखो के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके दीर्घ जीवन व स्वास्थ्य की कामना की। फा. हेरमन खलखो ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा ईश्वर की कृपा और विश्वासियों के सहयोग से ही संभव हो पाई है। उन्होंने आगे भी इसी भावना से सेवा करते रहने की प्रतिज्ञा दोहराई। मौके पर फा प्रवीण, फा पौलुस, सिस्टर सरिता, सिस्टर टेरेसा, लुसियन मिंज, समीर कीड़ो, जॉन कुल्लू, कार्मेल कुल्लू, दिब्या कुल्लू, लीला नाग, शोभेन तिग्गा, प्रदीप कुल्लू,माइकल खड़िया, तरसिला खड़िया, इग्नासीयूस कुल्लू, दिब्या सोरेंग, सुनीता आदि उपस्थित थे।

## पशुओं को होने वाली बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण आज से

**सिमडेगा।** पशुओं में होने वाले मुंहपका, खुरपका और गांठदार त्वचा रोग के रोकथाम के लिए 19 मई से 18 जुलाई तक निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। डीएएचओ डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि अभियान के तहत टीकाकर्मी पशुपालकों के घर-घर जाकर गाय एवं भैंस जाति के पशुओं का टीकाकरण करेंगे। टीकाकरण के पूर्व गाय एवं भैंस जाति के पशुओं को यूआईडी टैग से चिह्नित करना अनिवार्य है।

# बानो थाना गेट के पास पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया,अधूरे कागजात रहने पर पांच वाहन चालक का चालान काटा गया।थाना प्रभारी सोनु कुमार के निर्देश पर थाना के एएसआई सत्यनरायण कुमार के नेतृत्व में थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया ।जांच अभियान में दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।ए एस आइ सत्यनरायण कुमार ने बताया कि टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी।पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी।मौके पर वाहन चालकों को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलने की हिदायत दी गई।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी सहयोग किया।

# सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा गांगुटोली मुख्य मार्ग में कोलेबिरा साप्ताहिक बाजार अंग्रेजी शराब दुकान के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में तीन युवक की घटनास्थल पर ही मौत और एक गंभीर रूप से घायल।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलेबिरा प्रखंड के रैंसिया पंचायत के श्री कोंडेकरा गांव के चार युवक कलेश्वर सिंह पिता प्रभु सिंह,विकास चिक बड़ाइक पिता सुरेश बड़ाइक,दीपक तिग्गा पिता जकरियस तिग्गा और रोहित किंडो पिता इरबिन किड़ो चारों युवक मोटरसाइकिल से कोलेबिरा साप्ताहिक बाजार आए थे और लौटने के क्रम में अंग्रेजी शराब दुकान के समीप सड़क किनारे कटहल के पेड़ को जोरदार ठोकर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही कलेश्वर सिंह,बिकास चिक बड़ाइक,दीपक तिग्गा का घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही रोहित किंडो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा टेम्पो से कोलेबिरा सीएचसी लाया गया जहां घायल युवक का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया ।सूचना मिलने पर कोलेबिरा पुलिस प्रशासन तीनों शव और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया ।इस घटना से श्री कोंडेकरा गांव में मातम का माहौल है। सूचना मिलते ही उनके परिजन और गांव के स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे।

# आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट प्रखंड के टेंगरिया गांव में उल्लास के साथ सरहुल महोत्सव सह जेठ जतरा का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा शामिल हुए। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी और जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सांसद प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, बांसजोर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि पुरुषोतम कुजूर, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का, 20 सूत्री अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, संजय तिर्की, लीला नाग, पंचायत अध्यक्ष विनोद उरांव, सोमरा कुजूर, विजय किंडो समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय विधायक भूषण बाड़ा ने दीप प्रज्वलन कर की। जिसके बाद उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों और आयोजकों को पारंपरिक उत्सव के आयोजन के लिए बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरहुल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति सम्मान, भाईचारे और एकजुटता की भावना सिखाता है। हम सबका कर्तव्य है कि इन परंपराओं को सहेज कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक खोड़ा दल के सदस्यों को कंबल और नगाड़ा भी भेंट स्वरूप प्रदान किया।



### सांस्कृतिक रंग में रंगा टेंगरिया

सरहुल महोत्सव सह जेठ जतरा के मौके पर 90 से अधिक खोड़ा दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। पारंपरिक पोशाकों में सजे आदिवासी युवक-युवतियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर समा बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। लोगों ने विधायक और उनके परिवार के सादगी भरे स्वभाव की सराहना की।

### जनता का सच्चा सेवक हैं भूषण बाड़ा: जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा सिर्फ एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनसेवक हैं। इन्होंने हमेशा गरीब, वंचित और आदिवासी समाज की आवाज़ को विधानसभा तक पहुंचाया है। आज जहां कई लोग सत्ता में जाकर जनता को भूल जाते हैं। वहीं भूषण बड़ा गांव-गांव जाकर हर घर की समस्या सुनते हैं और समाधान की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद भी उनका ग्रामीणों से जुड़ाव कम नहीं हुआ, बल्कि और मजबूत हुआ है। जोसिमा ने कहा कि टेंगरिया से लेकर राजधानी रांची तक इन्होंने हर जगह हमारे सरहुल, जतरा, करम जैसे त्यौहारों को मान-सम्मान दिलाने का कार्य किया है। जोसिमा खाखा ने महिलाओं के लिए किए गए कार्यों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, तो उसके पीछे विधायक की सोच और योजनाओं का भी बड़ा योगदान है।

## तीन दिन भी जाने के बाद आशा अग्रवाल हत्याकांड का नहीं हो सका खुलासा

**सिमडेगा।** शहर की युवती आशा अग्रवाल की हत्या के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस पूरी ताकत के साथ घटना के उदभेदन में लगी हुई है लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। हालांकि संदेह के आधार पर पुलिस मृतक युवती के भतीजे से पुछताछ कर रही है। पुलिस के द्वारा घटना के उदभेदन के लिए रांची से एफएसएल टीम और डॉ स्क्वॉड टीम को भी बुलाया गया था। हत्या के मामले का उदभेदन करना पुलिस के लिए एक चुनौती है क्योंकि कुछ माह पूर्व शहर के एक ज्वेलरी दुकान में हुए चोरी के मामले में भी पुलिस को सफलता नहीं मिली है। इधर झारखंड प्रांत मारवाड़ी सभा की ओर से भी इस मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एव डीजीपी को ज्ञापन सोपा है तथा इस मामले में कार्रवाई की मांग की है तथा इधर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी उच्च स्तरीय जहां हेतु एसआईटी गठन की मांग की। शहर के बीचो-बीच हुए इस हत्याकांड की गुत्थी नहीं सुलझने से शहर में अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पाकरटांड में दिव्यांग जोड़े की अनोखी शादी बनी चर्चा का विषय



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड अंतर्गत सिकरियाटांड गांव में रविवार को एक ऐसी शादी हुई, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। यह शादी सिर्फ एक साधारण वैवाहिक कार्यक्रम नहीं थी, बल्कि इंसानियत, प्रेम और सामाजिक सौहार्द्र की एक मिसाल बन गई ।गांव के ही रहने वाले सुखराम बड़ाईक बचपन से ही दिव्यांग हैं और उनका कद भी सामान्य से काफी छोटा है। दूसरी ओर, सेवई गांव की लालमणि कुमारी भी छोटे कद की दिव्यांग हैं। दोनों की जिंदगी में संघर्ष हमेशा से रहा। हालांकि परिवार वाले और आसपास के लोगों की मदद से उसके लिए लड़की खोजी गई तो पूरे गांव ने इसे अपना पारिवारिक आयोजन मान लिया ।रविवार को सिकरियाटांड स्थित शिव मंदिर परिसर में बड़ी धूमधाम से दोनों की शादी कराई गई। बारातियों और मेहमानों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाज और नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। इस खास मौके पर वीरूगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव भी पहुंचे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे उदाहरणों से प्रेरणा लेनी चाहिए ।लोगों का कहना है कि जोड़ियां ऊपर वाला बनाता है, और सुखराम व लालमणि की शादी ने इस कथन को सच साबित कर दिया है। यह शादी सिर्फ दो लोगों के मिलन की नहीं, बल्कि समाज में समावेशिता और मानवीय संवेदनाओं की जीत की कहानी बन गई है ।आज पाकरटांड और आसपास के गांवों में हर किसी की जुबान पर सिर्फ यही बात है ।सच्चा प्यार किसी भी कमी को नहीं देखता, वो बस दिल से दिल तक का रिश्ता होता है।

## जंगली हाथी का कहर,दो घर क्षतिग्रस्त अनाज हुआ बर्बाद

**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत रामजोल व पाडो टोगरी टोली में जंगली हाथी के अचानक हमले ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी। मिली जानकारी के अनुसार, रात लगभग दो बजे झुँठ से भटककर इस हाथी ने सबसे पहले पाडो टोगरी टोली स्थित सनिका सुरीन के घर में घुसकर दीवारों को तोड़ा और भंडारित अनाज को बेकरारी से खा गया। इसके कुछ ही मिनटों के बाद वह रामजोल गांव पहुंचा और वहां नरेंद्र सिंह के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही वहाँ रखे अनाज पर भी अपना कहर बरपा डाला ।सुबह घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य विरजो कडुंलना तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मिलकर पूरा जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत में कहा कि वन विभाग को इस तरह के हमलों से बचाव के उपाय तत्काल करने चाहिए और प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। ग्रामीणों ने भी हाथी हमलों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और वन विभाग से त्वरित हस्तक्षेप व सुरक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने की मांग की। वर्तमान में दोनों परिवार संकट की स्थिति में हैं, क्योंकि खेती का सारा अनाज नष्ट हो जाने से उनकी घरेलू आवश्यकताएं पूरी करना मुश्किल हो गया है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**



मधुबन थाना क्षेत्र के अतकी पंचायत के हरिजन टोला निवासी शंकर रविदास (37) तालाब में नहाने के दौरान डूब जाने से मृत्यु हो गई।घटना शनिवार संध्या की है।गोताखोरों ने काफी मशक्कत कर शव को रात्रि करीब 10 बजे तालाब से निकाला गया।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव को रविवार को गिरिडीह भेज दिया।बताया जाता है कि हरिजन टोला में किसी वृद्ध की मृत्यु हो गई थी जिसके अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोग गये हुए थे जिसमें मृतक भी था।अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग गांव के भोरभोरवा तालाब में नहा रहे थे कि इसी क्रम में मृतक का पैर फिसल गया और वह तालाब में डूब गया।जिसके बाद उपस्थित लोगों ने अपने स्तर से तालाब में काफी खोजबीन किया पर पता नहीं चल पाया तत्पश्चात घटना की जानकारी भाजपा नेता सह स्थानीय निवासी दीपक श्रीवास्तव ने डीसी गिरिडीह, एसडीएम डुमरी को दिया।उपायुक्त द्वारा गिरिडीह से गोताखोर भेजा गया। गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।घटना की खबर सुन कर पंचायत के मुखिया ईश्वर हेंब्रम उपमुखिया बासुदेव महतो वार्ड सुरेश रविदास रात्रि को ही घटना स्थल में पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया।

## करंट से हुई थी दंपती की मौत, परिवार को मिला 10 लाख मुआवजा

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा प्रखंड के कदमडीहा, इचाहातु टोला में चुड़ी सुरीन व उसकी पत्नी सोमवारी सुरीन की एलटी तार के संपर्क में आने से मृत्यु हो गई थी. पति व पत्नी दोनों की मौत पर बिजली विभाग की ओर से परिवार को मुआवजा राशि पांच-पांच लाख यानी कुल10 लाख रुपए प्रदान की गई है. गोइलकेरा प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को विधायक जगत माझी ने परिजनों को मुआवजा राशि का चेक सौंपा.

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की फरियाद




जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनी. कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया. जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से 90 से ज्यादा लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे. व्यक्तिगत, सामाजिक व प्रशासनिक समस्याओं से जुड़ी अपनी शिकायतें डीसी के समक्ष रखीं. डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. जनती दरबार में शहर में पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी, स्कूल फीस, दुकान आवंटन, जमीन विवाद, मानगो में पेयजल समस्या, पेंशन स्वीकृति तथा कई अन्य जनहित से जुड़ी समस्याएं रखीं.

# गदड़ा में सरकारी जमीन से हटा अवैध कब्जा, चहारदीवारी तोड़ी गई



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के उत्तर-पूर्वी गदड़ा में प्रशासन ने अंचल कार्यालय की टीम ने करीब डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराया. सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में अंचल प्रशासन की टीम ने उत्तर-पूर्वी गदड़ा पहुंचकर उक्त सरकारी जमीन पर बन रही चहारदीवारी को तोड़वा दिया. मजदूरों ने चहारदीवारी तोड़कर वहां सरकारी बोर्ड लगा दिया है. अतिक्रमण हटाओ अभियान में जमशेदपुर अंचलाधिकारी मनोज कुमार के अलावे सीआइ बलवंत सिंह, एसपी रुद्र, पीयुष पात्रा, अमीन नवीन महतो, अंचल के होमगार्ड जवान मौजूद थे. मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय कुछ छुटभैया नेता व दलालों ने सेटिंग-गेटिंग कर सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया था. प्लॉटिंग कर उसे बेचने की तैयारी थी. इसकी सूचना मिलते ही सीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकरी जमीन को मुक्त कराया.

# लोकतांत्रित क्रांतिकारी मोर्चा ने स्थानीय नीति की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह**



लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी ने खतियानी पदयात्रा उप राजधानी दुमका से रांची जाने के क्रम में रविवार चौथे दिन दोपहर को गांडेय के मोहदा मोड़ बाजार पहुंची। जहां पर पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं में संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव , ने यात्रा में शामिल पार्टी के नेताओं का स्वागत किया। यात्रा में शामिल पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष अमित मंडल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के लोगों को उसका हक और पहचान दिलाने के लिए यह खातियानी पदयात्रा शुरूआत सिद्धु - कान्हू की धरती दुमका से की गई है । पदयात्रा का समापन भगवान बिरसा की धरती रांची में किया जाएगा। केन्द्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी मुख्य मांग है कि अंतिम सर्वे सैटलमेंट के तहत 1932 को केन्द्रीय बिन्दु मानते हुए खातियान आधारित स्थानीय नीति , नियोजन नीति एवं विस्थापन नीति लागू करें । सी ग्रेड एवं डी ग्रेड की नौकरियां में 100 प्रतिशत झारखंडियों को रोजगार मिले । जाति आधारित जनगणना का 100 प्रतिशत आरक्षण लागू करें । आदिवासियों का कानूनी अधिकार 5.6 में डाला जाए । केन्द्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि 1932 की खतियान हम झारखंडियों की पहचान है। यमुना मंडल ने कहा कि झारखंड के अलग होने में लगभग 25 साल पूरे हो गए ।इन 25 सालों में जितनी भी सरकारें आईं सभी ने झारखंडियों को ठगने का काम किया है । 1932 का खतियान झारखंडियों की पहचान है ।हमारी मांग है कि 1932 खतियान को आधार मानते हुए झारखंड में स्थानीय नीति , नियोजन नीति एवं विस्थापन नीति लागू हो ।यात्रा में सिकंदर आलम , सुभाष मंडल , जियाउल हक ,संदीप मंडल,सुरेंद्र रवानी,अर्जुन पंडित,रंजन मंडल,बसंत ताती रणजीत यादव,रनधीर यादव , मुकेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## चमेली झरने को मौत के झरने के नाम से जाना जाता है

# यहां कई लोगों को जा चुकी हैं जानें

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



जिले में पदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत चमेली झरना मौत का झरना के नाम से जाना जाता है. इस झरने में अब तक दो दर्जन से अधिक मौतें हो चुकी हैं. हजारीबाग जिले में कई प्राकृतिक झरना हैं. इन्हीं झरनों में एक झरना ऐसा भी है, जो पत्थर की खुदाई के कारण अस्तित्व में आया है. एनएच 33 पर दाऊजी नगर के पास घने पेड़ों और छोटी-छोटी चट्टानों से घिरा चमेली फरास अब चमेली झरना के नाम से पूरे जिले में अपनी अलग पहचान बना चुका है. चमेली झरना के उद्गम की एक दिलचस्प कहानी है. इचाक का चमेली फॉल कोई पिकनिक स्पॉट या वाटरफॉल नहीं है. बल्कि दरअसल यह अवैध पत्थर उत्खनन के दौरान बना एक बड़ा गड्ढा है. जिसे प्रशासनिक रोक के कारण चार साल से बंद कर रखा गया है. उत्खनन बंद होने से यह इलाका पूरी तरह सुनसान और उजाड़ हो गया है. इसके चारों तरफ जंगल, झाड़ियां और बड़ी-बड़ी चट्टानें हैं. जमीन से इसकी गहराई करीब तीन सौ फीट है. जिसमें इस भीषण गर्मी में भी सौ से डेढ़ सौ फीट पानी है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां कुछ नहीं किया गया है. युवा पीढ़ी यहां मौज-मस्ती करने आती है और अपनी जान गंवा देती है. अब हजारीबाग एसपी ने भी माना है कि यह डेंजर जोन है, इसलिए जिला प्रशासन अब उस इलाके के चारों ओर बैरिकेडिंग करने की योजना बना रहा है. स्थानीय लोगों की मानें तो चमेली झरना पिछले 5 सालों में कई घरों की रोशनी बुझा चुका है. यहां जो भी नहाने आता है, वह चमेली झरना का शिकार हो जाता है. चमेली झरना में सैकड़ों ऐसे छोटे-छोटे खोह बने हैं, जिसमें एक बार कोई फंस गया तो उसकी जान चली जाती है. रात में चमेली झरना और भी खतरनाक लगता है. आज चमेली झरना हजारीबाग के हर आम आदमी की जुबान पर है. हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को समझाता है कि चमेली झरना घूमने के लिए भी न जाएं. हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी लोगों से अपील कर रहे हैं कि चमेली झरना में कभी न जाएं और मौज-मस्ती न करें. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द स्थानीय प्रयास से वहां डेंजर जोन का बोर्ड लगाया जाएगा और पूरे इलाके में बैरिकेडिंग भी की जाएगी.

## गोविंदपुर व टुंडी रेल लाइन से जुड़ेंगे : मथुरा



**धनबाद।** गोविंदपुर व टुंडी रेल लाइन से जुड़ेंगे. दोनों स्थानों पर रेलवे स्टेशन बनेंगे. इसके लिए रेल मंत्रालय ने पहल शुरू कर दी है. यह बातें टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शनिवार को धनबाद से पूर्वी टुंडी जाने के क्रम में गोविंदपुर में पत्रकारों के बातचीत में कहीं. उन्होंने कहा कि इसकी मांग वह लंबे समय से करते आ रहे हैं. झारखंड विधानसभा के विगत बजट सत्र में उन्होंने यह सवाल उठाया थाय, जिस पर परिवहन मंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था. महतो ने कहा कि विधानसभा में सवाल उठाने के बाद विगत 17 मार्च को परिवहन विभाग की सचिव विप्रा भाल ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखा था. उन्होंने ने झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 128 के अंतर्गत प्राप्त गैर सरकारी संकल्प द्वारा धनबाद से गिरिडीह वाया टुंडी, गोविंदपुर नई रेल लाइन निर्माण का अनुरोध किया।

## कार्डधारकों के लिए खुशखबरी

# 15 जून तक कार्डधारियों को मिलेगा तीन माह का राशन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

मानसून को देखते हुए सरकार ने कार्डधारकों को तीन माह का एकमुश्त राशन उपलब्ध कराने की तिथि तय कर दी है. 15 जून तक सभी कार्डधारकों को तीन माह का एकमुश्त राशन मिल जाएगा. इसके लिए सरकार के आदेश पर आपूर्ति विभाग ने राशन वितरण से संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला ने बताया कि जन वितरण प्रणाली की दुकानों में मई माह का राशन वितरण जारी है. जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को एकमुश्त वितरित करना है. आपूर्ति विभाग ने 31 मई तक जन वितरण प्रणाली दुकानदारों तक जून और जुलाई माह का राशन पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. इसे हर हाल में पूरा करना है. सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को आपूर्ति विभाग से राशन का उठाव करने का निर्देश दिया गया है. वहीं, सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को 16 से 30 जून तक अगस्त माह का राशन वितरित करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि आपूर्ति विभाग को सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को एक से 15 जून तक राशन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गयी है.

# विधायक सुखराम ने बंदगांव में किया सड़क का शिलान्यास



चक्रधरपुर। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने शनिवार को बंदगांव प्रखंड की लान्डुपोदा पंचायत के डेंगसरगी गांव में सड़क का शिलान्यास किया. इससे ग्रामीणों में खुशी देखी गई. विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास तीव्र गति से किया जा रहा है. बंदगांव प्रखंड में मानकी मुंडा के लिये भवन का निर्माण कराया जाएगा, जहां मानकी मुंडा क्षेत्र के विकास एवं ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए बैठक कर सकेंगे. उन्होंने कहा ग्रामीणों की मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बंदगांव प्रखंड में और कई योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा. दर्जनों सड़कों तथा पुल-पुलिया का निर्माण कराया जाएगा जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन व मूलभूत सुविधा मिल सके. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंती पूर्ति, विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, मुखिया कुश पूर्ति,, सुभाष कालन्दी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## देवघर में अलग-अलग स्थानों से दो बाइक की चोरी

**देवघर।** देवघर कोर्ट परिसर व बावनबीघा मुहल्ले से चोरों ने दो बाइक की चोरी कर ली. इस संबंध में दोनों बाइक मालिकों ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. पहली घटना में कोर्ट परिसर से सारवां थाना क्षेत्र के बनरचूटा गांव निवासी अशोक कुमार राय की अपाचे बाइक चोरी हो गयी. वह किसी काम से अपने अधिवक्ता से भेंट करने आये थे. कोर्ट परिसर में बाइक खड़ी कर हैंडिल लॉक कर वह अधिवक्ता से मिलने वकालतखाना चले गये. कुछ देर बाद जब वापस आए तो बाइक गायब थी. दूसरी घटना में चोरों ने बावनबीघा मोहल्ला स्थित मां ललिता हॉस्पिटल के समीप से निरंजन सिंह की स्पलेंडर बाइक दोपहर 2:50 बजे चोरी कर ली. वह घर के बाहर बाइक खड़ी कर खाना खाने घर के अंदर चले गए.

## बरही पहुंचा रेजांगला मिट्टी रज कलश रथ यात्रा

# अहीर रेजिमेंट की मांग पूरी होने तक चलता रहेगा आंदोलन : प्रदेश अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**




अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा देशभर में वीर शहीदों की स्मृति में निकाली जा रही रेजांगला रज कलश यात्रा रथ का भव्य स्वागत बरही विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व मे यादव धर्मशाला बरही में अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास ने बताया यह ऐतिहासिक यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होते हुए 18 नवंबर 2025 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य रेजांगला के वीर अहीर सैनिकों की शौर्यगाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि रेजांगला युद्ध विश्व की उन चुनिंदा लड़ाइयों में से है, जिसकी वीरता आज भी मिसाल बनकर नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रही है। 18 नवंबर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान पूर्वी लद्दाख स्थित रेजांगला की चौकी पर 13 कुमाऊं बटालियन की चार्ली कंपनी तैनात थी, जिसमें 120 जवान अहीर समुदाय से थे। इस ऐतिहासिक युद्ध में 114 अहीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया और करीब 3000 चीनी सैनिकों को मार गिराया। मंच संचालन मनोहर यादव नर किया। यात्रा में कलश यात्रा के,राष्ट्रीय सह संयोजक किरण कुमार यादव, कार्यक्रम प्रभारी अनिता यादव ,प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीरा राय, अनिता सिंह यादव, बलवंत यादव, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, राजन यादव, सकलदेव यादव, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, कृष्णा यादव, मुन्ना यादव, बिनोद यादव, सुधीर यादव, ब्रह्मदेव यादव, समिति सदस्य अशोक यादव, शिक्षक प्रकाश यादव, रविकांत ओम, डॉ सुनील यादव, विश्वा यादव, सचिन यादव, चंदन यादव, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पत्नी ने लिया पति की हत्या का बदला, धनबाद के शूटर से हेमलाल पंडित की करा दी हत्या

**बोकारो।** बोकारो के उग्रवाद प्रभावित नावाडीह थाना क्षेत्र में 13 मई की रात हुई हेमलाल पंडित की हत्या के मामले का बोकारो पुलिस ने खुलासा कर लिया है. पुलिस के मुताबिक हत्या की वजह चंपा देवी महिला है. उसी महिला ने अपने पुरुष मित्र प्रकाश सिंह से मिल कर धनबाद के शूटर से हेमलाल पंडित की हत्या करायी थी. महिला को इस बात का विश्वास था कि उसके पति की मौत की वजह हेमलाल पंडित हैं. पुलिस ने इस मामले में चंपा देवी के अलावा प्रकाश सिंह, डोमन राम और विकास कुमार को गिरफ्तार किया है. डोमन राम और विकास पंडित धनबाद का रहने वाला है. इन दोनों ने ही पैसे लेकर हत्याकांड को अंजाम दिया था. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा, 9 एमएम की पांच गोली, .315 एमएम की तीन गोली, चार मोबाइल लेट और एक स्कूटी बरामद किया है. हेमलाल पंडित की हत्या के बाद विधायक जयराम महतो ने हंगामा खड़ा कर दिया था. रात में पुलिस अफसरों को फोन किया था और दूसरे दिन थाना का घेराव किया था. रविवार को बोकारो के एसपी, बेरमो एसडीपीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हेमलाल पंडित हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सरिया गांव का रहने वाला था. वह इलाके में जादू, टोना और झाड़-फूंक का काम किया करता था. महिला चंपा देवी भी इसी गांव की रहने वाली है. पिछले साल दुर्गा पूजा के नवमी के दिन महिला चंपा देवी के पति खगेश्वर पंडित और हेमलाल पंडित ने साथ में खाना खाया. जिसके कुछ घंटे बाद खगेश्वर पंडित की मौत हो गई.

# न्यूज बॉक्स

## हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महा यज्ञ को लेकर किया ध्वजारोहण



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय बाजार के पुनीडीह गांव में हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को श्री - श्री 108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया । ध्वजारोहण मंदिर परिसर से शुरू होकर भयहरण मंडा, गांडेय बाजार, मोहन डीह , मोहदा मोड़ का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में श्रद्धालुओं ने भयहरण मंडा , पुराना बाजार हनुमान मंदिर, मोहदा मोड़ हनुमान मंदि, दुर्गा मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में माथा टेका। शोभा यात्रा के क्रम में श्रद्धालु यज्ञ का झंडा लेकर धार्मिक नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे । श्रद्धालुओं जय श्री राम , जय हनुमान सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक नारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में ढोल , नगाड़े , सहित विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र बजाए जा रहे थे। श्रद्धालुओं के जयघोष से गांडेय बाजार सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पुनः शोभा यात्रा यज्ञ परिसर में पहुंचकर समाप्त हो गया । यज्ञ परिसर में यज्ञ के आर्चाय पंडित श्री रविकांत शास्त्री ने विधि - विधान से देवी देवताओं की पूजा अर्चना मुख्य यजमान अमृत लाल पाठक और श्री कृष्ण राय को करवाया। पुनः यज्ञ आर्चाय के द्धारा भुमि पूजन करवाया गया और ध्वजारोहण किया गया। बता दें कि गांडेय के पुनीडीह गांव में आगामी 28 मई से 1 जून तक श्री - श्री 108 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया है। मौके पर गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक, रितेश पाठक , सुबोध पाठक , राजेश भट्ट , प्रवीण गुप्ता , रुद्ध संकेत गुप्ता , शक्ति कुटियार, नरेन्द्र कुटियार सहित गांडेय के विभाग क्षेत्रों के ग्रामीण उपस्थित थे।

## बदलता मौसम : स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर चिकित्सकों ने बताए उसके उपाय



**बरही ।** बिन मौसम बरसात का रूप धारण कर प्रकृति ने लोगो को गर्मी से राहत दिलाने का काम किया है. परंतु लोगो को आने वाले समय में होने वाले भीषण गर्मी का भी भय सताने लगा है. चिकित्सको की माने तो तापमान में होने वाले अचानक परिवर्तन स्वास्थ्य कर इम्यूनल सिस्टम को प्रभावित करता है. फ्लू, चेचक, दस्त, डीहाईड्रेसन, सर्दी जुकाम, वायरल फीवर, अपच आदि जैसे बीमारियों की संभावनाएं बढ़ती है. ऑक्सफोर्ड एकेडमिक्स के रिपोर्ट के अनुसार बार बार तापमान में हो रहा बदलाव हमारे इम्यून सेल्स को नुकसान पहुंचाती हैं. ऐसा इसलिए होता है कि हमारा इम्यून सिस्टम कन्फ्यूज हो रहा होता है. हमारा इम्यून सिस्टम समझ ही नहीं पाता कि कब बचाव करना है. परिणामतः सर्दी अचानक शरीर पर हावी हो कर समस्याएं दे देती है. ऐसी स्थिति में स्किन हेल्थ, हार्ट हेल्थ, मानसिक आदि समस्याओं को संभावनाएं अधिक होती है. इससे बचने के लिए नियमित व्यायाम, हरे सब्जियों का प्रयोग, शरीर को हाइड्रेट रखना, अल्पाहार और जूस इत्यादि का सेवन करनी चाहिए.

## पत्थर खदान खुलने के विरोध में ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने की बैठक



**बरकट्ठा।** शिलाडीह पंचायत के मौजा शिलाडीह अंतर्गत बेला टांड में पत्थर खदान खुलने के विरोध में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सी के पांडेय और पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया । इस निमित्त दर्जनों की संख्या में रैयत/ग्रामीण एकत्र हुए और सभी रैयत एक स्वर में खादान नहीं खुलने देने का आह्वान किया। रैयतों ने कहा कि यहां खादान खुलने से हमारे लोगों को काफी हानी होगी। जान माल का भी नुकसान होगा। बैठक में रैयत रजनीकांत पांडेय, कामेश्वर साव, ग्यासुद्दीन मियां, टेकलाल साव , मुकेश पाण्डेय, वार्ड सदस्य प्रदीप पांडेय, मुकेश यादव, मुनियां देवी, गिरधारी नायक ,द्वारिका साव, रामप्रसाद ठाकुर, तुलसी साव, कारू साव, नबी मियां, रफी मियां, चत्रधारी ठाकुर, कासिम अंसारी, सरफाज अंसारी,मंगर ठाकुर सुनील पासवान संजय लामा, बबलू पासवान, अर्जुन पांडेय, बसंती देवी समय तो दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ओलचिकी शताब्दी महोत्सव पर निकाली गई विशाल बाइक रैली




**जादूगोड़ा।** मुर्गाघुटू धोरोंम अखाड़ा (नरवा पहाड़) में कल 18 मई को ओलचिकी शताब्दी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से की गई थी. इस भव्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूसिल जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के एजेंट मनोरंजन महाली और घाटशिला विधायक संजीव सरदार थे. इधर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी थी, जिसकी अध्यक्षता भुरका ईपिल ओलचिकी इतुन आसडा के सचिव लोबो मुर्मू ने की. इस बैठक में पौराणिक बाबा पिथो मुर्मू, बुद्धेश्वर मुर्मू, वीरेंद्र हेंब्रम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. बैठक में निर्णय लिया गया कि शताब्दी महोत्सव के अवसर पर एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा. यह रैली 18 मई की सुबह 8 बजे मुर्गाघुटू धोरोंम अखाड़ा (नरवा पहाड़) से प्रारंभ होकर कदमा, केड़ो, नरवा, यूसिल कॉलोनी होते हुए पुन धोरोंम अखाड़ा पहुंचकर समाप्त हो गई.

